आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathw@y 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 160 ● कटनी ● मंगलवार, 12 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## चीन पर राहुल गांधी ने पीएम को घेरा

### कहा- सीमा में घुसपैठ पर प्रधानमंत्री की चुप्पी देश के लिए हानिकारक, वे चीन से डरते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत में चीन की बढ़ती घुसपैठ को लेकर एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। राहुल ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्षेत्र में बढ़ती चीन की घुसपैठ और पीएम की चुप्पी देश के लिए हानिकारक है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री चीन से डरते हैं, वे जनता से सच छिपाते हैं। पीएम सिर्फ अपनी छवि बचाते हैं ।राहुल गांधी ने पीएम पर सेना का मनोबल गिराने और देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप भी लगाया है। कांग्रेस नेता भारतीय क्षेत्र में चीनी घुसपैठ और पीएम के इस मुद्दे पर पीएम के कोई बयान न देने की वजह से उन पर हमलावर रहते हैं। कांग्रेस आरोप लगाती रहती है कि चीन लगातार भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर रहा है, लेकिन सब कुछ जानते हुए भी सरकार अपनी छवि बचाने के लिए चुप है।

## टोल प्लाजा वालों से भिड़े द ग्रेट खली



### टोलकर्मी बोले- आईकार्ड मांगा तो रेसलर ने थप्पड़ मार दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** WWE के मशहूर रेसलर दलीप राणा उर्फ द ग्रेट खली टोल कर्मियों से भिड़ गए। इसका एक वीडियो सामने आया है। जिसमें खली कह रहे हैं कि उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है। वहीं टोल कर्मियों का कहना है कि एक कर्मचारी ने उनसे आईकार्ड दिखाने को कहा। यह सुनकर खली ने उसे थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद टोलकर्मियों ने खली की कार घेर ली। उन्होंने कहा कि खली ने गलत किया।खली बोले- गाड़ी के अंदर फोटो खिंचवाना चाहते थेइस बारे में द ग्रेट खली ने कहा कि वह जालंधर से करनाल जा रहे थे। इसी दौरान फिल्लौर के नजदीक लाडोवाल टोल प्लाजा पर कर्मचारियों ने उनके साथ फोटो खिंचवानी चाही। वह गाड़ी के अंदर बैठ फोटो खिंचवाने के लिए कह रहे थे। जब उन्होंने इनकार किया तो उनके साथ मिसबिहेव किया गया।

## जम्मू-कश्मीर के अवंती पोरा में 2 आतंकी ढेर

### जैश का आतंकवादी कैसर कोका भी मारा गया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़में दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों में से एक जैश-ए-मोहम्मद का आतंकवादी कैसर कोका है। दूसरे आतंकी की शिनाख्त की जा रही है। मारे गए आतंकियों के पास से अमेरिका में बनी एक राइफल (M-4 कार्बाइन), एक पिस्तौल, गोला-बारूद समेत अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। आतंकी कैसर कोका 2018 से इस इलाके में एक्टिव था। DGP कश्मीर ने बताया कि सुरक्षाबलों को सुबह इस इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर ऑपरेशन शुरू किया। आतंकियों को सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी गोलीबारी में दो आतंकी मारे गए। सोमवार दोपहर तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर फायरिंग जारी थी। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।


## चार दिन बाद बालटाल रूट पर फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू के गांदरबल जिले में बालटाल रूट पर अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई है। 8 जुलाई को बादल फटने के चलते यहां 16 लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद यात्रा 4 दिन तक स्थगित रही। अधिकारियों ने बताया कि बालटाल बेस कैंप से श्रद्धालुओं का एक नया जत्था मंगलवार सुबह अमरनाथ के लिए निकला है।

### किनारे रहने वालों को चेतावनी

# मध्य प्रदेश में भारी वर्षा, नर्मदा और बेतवा नदी उफान पर

**भोपाल , यश भारत।** प्रदेश में भारी वर्षा के कारण नर्मदा, बेतवा सहित अन्य नदियां उफान पर हैं। सरकार ने नदी के किनारे रहने वालों को चेतावनी जारी की है। विदिशा में बीती रात साढ़े तीन घंटे में आठ इंच वर्षा हुई और कई स्थानों पर पानी भर गया। कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राहत और बचाव के कार्य चल रहे हैं। गृह और राजस्व विभाग ने सभी कलेक्टरों को स्थिति पर नजर रखने और आपदा प्रबंधन टीम को तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। उधर, गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने स्टेट कमांड सेंटर का अवलोकन कर आपदा प्रबंधन के कार्यों की समीक्षा की।प्रदेश में बीते दो दिन से हो रही वर्षा के कारण नर्मदा, बेतवा सहित अन्य नदियां उफान पर हैं।



विदिशा, हरदा, भोपाल, बैतूल सहित अन्य जिलों में निचले इलाकों में पानी भर गया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कहीं भी अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है लेकिन सभी अधिकारियों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसे लोग, जो नदी के किनारे रह रहे हैं, उन्हें चेतावनी दी गई है कि पानी बढ़ने पर तत्काल सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। वहीं, जल संसाधन विभाग ने अधिकारियों को जलाशयों की स्थिति पर नजर रखने के लिए कहा है। किसी भी जलाशय के गेट खोलने के पहले आवश्यक सूचना देने की जो प्रक्रिया है, उसका अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।उधर, गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह डा.राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। डा.मिश्रा ने बताया कि 1070 और 1079 टोल फ्री नंबर जारी कर दिए हैं, जिस पर आपदा से संबंधित सूचना दी जा सकती है। 96 क्विक रिस्पांस टीम काम कर रही हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए 19 टीम आरक्षित रखी गई हैं। सभी 52 जिला मुख्यालयों पर इमरजेंसी आपरेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं।



## केरल के कन्नूर में RSS के ऑफिस में बम से हमला

### किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** (आरएसएस) कार्यालय पर बम हमला किया गया है। बताया जा रहा है कि घटना मंगलवार सुबह की है। बम हमले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस का कहना है कि घटना की तफ्तीश की जा रही है। आपको बता दें कि यह कोई पहली घटना नहीं है जब आरएसएस ऑफिस पर इस तरह का हमला किया गया हो। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। टॉम वडक्कन ने पुलिस और सरकार पर उठाए सवाल स्थानीय पुलिस के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि कन्नूर जिला के पय्यनूर में आरएसएस दफ्तर पर बम फेंका गया। यह घटना मंगलवार सुबह की है। वारदात के दौरान इमारत में लगी खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। बीजेपी नेता टॉम वडक्कन ने इस बम हमले की निंदा की है। वडक्कन ने कहा कि इस तरह से पुलिस की मिलीभगत बहुत खतरनाक है। वडक्कन ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि जहां पुलिस स्टेशन 100 मीटर दूर है, ऐसे में तो सुरक्षा और भी चाक चौबंद होनी चाहिए।



## बारिश से गुजरात में 65 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के 25 राज्यों में लगातार बारिश हो रही है। गुजरात सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां बारिश और बाढ़ से 24 घंटे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि पिछले दो दिन में 65 जान गंवा चुके हैं। अहमदाबाद में रविवार रात 219 मिमी बारिश हुई। वहीं सूरत समेत 6 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है।

इधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान में सोमवार को जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने MP के भोपाल, इंदौर और जबलपुर समेत 33 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। यहां अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है। वहीं, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई इलाके अभी भी बारिश को तरस रहे हैं। यहां 4 दिन बाद बारिश होने की उम्मीद है।

### अहमदाबाद में सड़कें डूबीं, 6 जिलों में रेड अलर्ट

**पिछले 24 घंटे**- गुजरात में पिछले तीन दिन से बारिश जारी है। रविवार की रात अहमदाबाद में 219 मिमी बारिश हुई, जिससे रिहायशी इलाकों और सड़कों पर पानी भर गया। सोमवार को शहर के स्कूल-कॉलेज बंद रहे। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट मिनिस्टर राजेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि अब तक 9000 लोगों को री-लोकेट किया गया है। जबकि 468 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

अगले 24 घंटे-सूरत समेत 6 जिलों में भारी बारिश की आशंका के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में 13 डैम हाई अलर्ट पर हैं। यहां हष्ठक्रस्न समेत कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट किया गया है।

## अब रुपए में भी हो सकेगा अंतर्राष्ट्रीय कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने एक बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय आयातकों और निर्यातकों को भारतीय रुपए में अंतरराष्ट्रीय कारोबार करने की अनुमति दे दी। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक के इस फैसले से देश में डॉलर की मांग पर अंकुश लगेगा। इससे रुपए का अवमूल्यन रुकेगा। इस फैसले का एक और फायदा यह हो सकता है कि रूस, ईरान जैसे देश जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए हैं, उन्हें भी आयात-निर्यात में आसानी होगी। हालांकि, ऋक्चढ्ढ के इस फैसले की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि भारतीय कारोबारी इसे कितना



लागू करते हैं, क्योंकि अतीत में भी उन्होंने रुपए में कारोबार करने के लिए ऋक्चढ्ढ द्वारा दिए गए प्रोत्साहन को ज्यादा महत्व नहीं दिया है। लोकप्रियता और कीमत के कारण वे केवल

### RBI का बड़ा फैसला

डॉलर में व्यापार करना पसंद करते हैं। फियो (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस) के अध्यक्ष ए. शक्तिवेल ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, पहली बार, दुनिया के किसी भी देश के साथ भारतीय रुपए में व्यापार की अनुमति दी गई है। अभी तक ईरान जैसे देश में ही ऐसी व्यवस्था थी। रूस सहित किसी भी देश के साथ भारतीय निर्यातक अब रुपए में कारोबार कर सकेंगे। इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



## औरंगाबाद को दहलाने की तैयारी में थे नक्सली

**औरंगाबाद,एजेंसी।** शीर्षस्थ रहे नक्सली नेता संदीप यादव की मौत के बाद अपने संगठन को संभालने और मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पहाड़ी क्षेत्रों में आशियाना बना कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटी यह कार्रवाई औरंगाबाद एवं गया जिले के सीमावर्ती क्षेत्र अजनवा पहाड़ पर की गई है। पुष्टि करते हुए औरंगाबाद के एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि कोबरा, एसटीएफ एवं जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पहाड़ से नक्सलियों के बंकर को ध्वस्त करते हुए वहां से काफी मात्रा में राशन की सामग्री बरामद किए गए हैं।

## लोकायुक्त ने 1 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

### विजयी सरपंच का प्रमाण पत्र जारी करने नायब तहसीलदार मांग रहा था डेढ़ लाख की रिश्वत : पति द्वारा पत्नी को जिंदा जलाकर मार दिया

**भोपाल, यशभारत।** शिवपुरी में विजयी सरपंच का प्रमाण पत्र जारी करने नायब तहसीलदार डेढ़ लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था, जिसके चलते पीड़ित सरपंच ने लोकायुक्त से शिकायत की। जांच के बाद लोकायुक्त ने आरोपी नायब तहसीलदार को एक लाख की रिश्वत के रंग लगे हुए नोटों के साथ दबोच लिया। जानकारी अनुसार उमाशंकर लोधी निवासी ग्राम बरसोला तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया था कि सरपंच के पद पर विजयी हुआ था । जिसका प्रमाण पत्र के लिए नायब तहसीलादार सुधाकर तिवारी पुत्र स्वर्गीय श्री



तमारी दत्त तिवारी 35 वर्ष नायब तहसीलदार प्रभारी तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी 1 लाख 50 हजार की अवैध रिश्वत मांग रहा था । जो आज 12 जुलाई को आरोपी द्वारा शासकीय आवास तहसीलदार का कोटा बस स्टैंड के पीछे खनियाधाना शिवपुरी 1 लाख रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। लोकयुक्त टीम ग्वालियर की कार्यवाही जारी है।

## पति की मौत के 30वें दिन फंदे पर झूली पत्नी

### बिजली गिरने से पति ने दम तोड़ा

**खंडवा, एजेंसी।** एक महिला पति की मौत का सदमा नहीं झेल पाई और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के पति की 30 दिन पहले बिजली गिरने से मौत हो गई थी। इसके बाद से वह तनाव में रहने लगी थी। 30वें दिन महिला भी फंदे पर झूल गई। महिला के दो बच्चे भी हैं। मामला खंडवा के पंधाना क्षेत्र का है।

पंधाना के सांसद आदर्श ग्राम आरुद के श्रीराम मंदिर चौक में केवलराम पटेल रहते थे। 11 जून 2022 को वह दो मजदूरों के साथ खेत पर अरबी की फसल खुदवा रहे थे। इसी दौरान बिजली गिरी और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।



सदमे में दो बच्चों की मां ने फांसी लगाई

#### देर रात घर में लगाई फांसी

केवलराम की पत्नी ऊषाबाई (36) को पति की मौत का गहरा सदमा लगा। वह तनाव में रहने लगी। परिवार के सदस्यों से भी बातचीत करना बंद कर दिया और दिनभर गुमसुम सी रहने लगी। शनिवार रात घर में जब सब लोग सो रहे थे। इसी दौरान ऊषाबाई ने फांसी लगा ली।

सुबह बच्चे उसे जगाने गए, तब वह फंदे पर मिली। पंधाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया।

#### अनाथ हुए बेटा और बेटी

केवलराम और उसकी पत्नी ऊषाबाई संयुक्त परिवार में रहते थे। दंपती के दो बच्चे हैं। बेटी वैष्णवी 14 साल की है, वहीं बेटा देवांश 12 साल का है। बच्चों को अब देवर-जेठ संभालेंगे।

#### उधर दो लोगों ने कीटनाशक पीकर दी जान

मूंदी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरानी व करोंद में दो लोगों ने कीटनाशक पी लिया। दोनों की मौत हो गई। एसआई सूरज पाटिल ने बताया बोरानी में शिवनारायण (38) पिता सुंदरलाल भिलाला ने शनिवार रात खेत में कीटनाशक पी लिया। वहीं, करोंद में रविवार को भैरूसिंह पिता बाबूलाल भिलाला (65) ने घर में ही जहर पीकर आत्महत्या कर ली।

## विदेश भागने की फिराक में थे राष्ट्रपति राजपक्षे के भाई

**श्रीलंका, एजेंसी।** सात दशकों में पहली बार इस तरह के आर्थिक महासंकट से गुजर रहा है। राजधानी कोलंबो में हजारों प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के घरों में डेरा डाले हुए हैं। वहीं रविवार को दोनों शीर्ष नेताओं के इस्तीफे के बाद विपक्षी दलों ने सर्वदलीय अंतरिम सरकार बनाने का फैसला



किया।श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों का विरोध लगातार जारी है। इस बार सभी प्रदर्शनकारी आर-पार के मूड में दिख रहे हैं और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के घरों में डेरा डाले हुए हैं। इन सभी का कहना है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जाती तब तक हमलोग यहां से हटने वाले नहीं है। वहीं इनसब के बीच श्रीलंका के मुख्य विपक्षी दल समागी जाना बालवेगया (एसजेबी) ने सोमवार को सर्वसम्मति से साजिथ प्रेमदासा को अंतरिम राष्ट्रपति पद के लिए नामित करने का फैसला किया है।



कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# बागियों की किसी कीमत पर भाजपा में वापसी नहीं होगी:वीडी

## कटनी में रोड शो के बाद आमसभा में बोले मुख्यमंत्री शिवराज : प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुसार विकास के लिए हमारा रोडमैप तैयार

**कटनी, यशभारत।** कल प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की चुनावी सभा की सबसे अहम बात रही पार्टी की वह घोषणा जिसमे बागियों को दो टूक कहा गया कि वह किसी गलतफहमी में न रहें कि जिसने पार्टी की साथ गद्दारी की है उन्हे किसी भी किसी भी कीमत में छोड़ा नहीं जाएगा और न ही उन्हें चुनाव के बाद भविष्य में भी पार्टी में वापस ले लिया जाएगा। मंच से प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर जिला अध्यक्ष रामरतन पायल ने साफ लहजे में कहा कि अनुशासित पार्टी में गद्दारी करके निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले बागियों को आगे किसी कीमत पर वापस नहीं लिया जाएगा। आपको बता दें कि इस चुनाव में बागी बने 19 लोगों को पार्टी बाहर का रास्ता दिखा चुकी है। आज प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री सहित जिले और प्रदेश के पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह घोषणा कर बागियों के उस मुगालते को दूर कर दिया जिसमें कहा जा रहा था कि चुनाव के बाद निष्कासन जैसी कार्रवाई निरस्त हो जाएगी। कटनी में अधिकृत भाजपा प्रत्याशी चाहे वो महापौर हों या फिर पार्षद के, इनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले बागियों के लिए अब पार्टी के दरवाजे बंद हो गए हैं।



### नगरों के विकास के लिए पांच मंत्र दिए : शिवराज

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने नगरों के विकास के लिए पांच मंत्र दिए हैं। हर नगर राज्य के विकास का चेहरा बने, उसमें जीवन आसान हो, हर व्यक्ति के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता उपलब्ध हो, नगरों का आकार बढ़े पर असमानता नहीं और हर नगर में गरीब से गरीब व्यक्ति भी आत्मसम्मान से जीवन जी सके। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के इन मंत्रों के अनुरूप शहरों के विकास के लिए हमारा रोडमैप तैयार है। हम शहर को सुंदर, स्वच्छ, संपूर्ण, सुरक्षित, संपन्न और विकसित बनाएंगे, ये हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शहरों को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए पहले से काम चल रहे हैं। हमारे शहर सुरक्षित होंगे, जहां आधी रात को भी बहन-बेटियां सुरक्षित आ-जा सकें। गुंडे, बदमाशों को हम छोड़ेंगे नहीं। हमारा प्रयास है कि हर शहर में ऑडिटोरियम, सर्वसुविधायुक्त बस स्टेंड, उद्यान, पार्क और योग केंद्र हों। शहरों में गरीबों को 10 रुपये में भरपेट भोजन मिले। परिवहन व्यवस्था आसान हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय कमलनाथ पैसे की कमी का रोना रोते थे, लेकिन हमारे पास विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। मिशन नगरोदय में शहरों के विकास पर 21 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अवैध कालोनियां वैध की जाएंगी और शहरों में सुशासन के लिए 23 सेवाओं को ऑनलाइन किया जाएगा।

### दस सालों में भोपाल-इंदौर की बराबरी पर होगा कटनी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कटनी का जो स्वरूप आप आज देख रहे हैं, वह कांग्रेस सरकार के समय पर नहीं था। यहां जो भी विकास हुआ है, वह भाजपा की सरकार ने किया है। जनता बताए कि कभी कांग्रेस की सरकार ने कटनी के विकास के लिए इतना पैसा खर्च किया था? कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने तो 15 महीने में विकास को विनाश में बदल दिया था। श्री चौहान ने कहा कि आज प्रदेश का इंदौर शहर स्वच्छता में नं. 1 है और अर्बन डेवलपमेंट के मामले में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। श्री चौहान ने कहा कि कटनी भी अब कस्बे से नगर बनने के बाद महानगर बनने की ओर अग्रसर है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगले दस सालों में कटनी भोपाल-इंदौर की बराबरी पर होगा।

### किसी की थाली खाली न रहे, कोई बेघर न रहे यही हमारा प्रयास

श्री चौहान ने कहा कि हमारी केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर गरीबों को दस किलो अनाज मुफ्त दे रही हैं। हमने यह तय किया है कि किसी गरीब की थाली खाली नहीं रहने देंगे और इस योजना में जो लोग छूट गए हैं, उनके भी नाम जोड़े जाएंगे। हमारी सरकार एक सामाजिक क्रांति ला रही है। हमने तय किया है कि शहर हो या गांव, हर परिवार को घर बनाने के लिए जमीन देंगे, जमीन का मालिक बनाएंगे। बेरोजगारी खत्म करने के लिए जल्द ही प्रदेश में एक-सवा लाख सरकारी वेकेंसियां निकलने वाली हैं। इसके अलावा पीएम और सीएम स्वनिधि योजना से लोन देकर गरीबों को रोजगार से जोड़ेंगे। युवाओं को सीएम उद्यमक्रांति योजना में लोन देंगे। शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए हम सीएम राइज स्कूल खोल रहे हैं, जहां गरीब का बच्चा भी प्राइवेट स्कूलों से बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा हासिल कर सकेगा। उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले गरीब और निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों की फीस सरकार भरेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज मध्यप्रदेश दंगामुक्त राज्य है, शांति का टापू है। लेकिन कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण के माध्यम से आतंकवाद को बढ़ावा दिया। हमारे लिए हर वर्ग बराबर है। हमारे प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास की बात करते हैं। लेकिन देश विरोधियों, आतंक फैलाने वालों के लिए मध्यप्रदेश में कोई जगह नहीं होगी। जिस तरह की घटना राजस्थान के उदयपुर में हुई है, हम ऐसी घटनाएं नहीं होने देंगे।

### एमपी को विकसित कर स्वर्णिम प्रदेश बना रही भाजपा सरकार : विष्णुदत्त शर्मा

जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मैं पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों के कार्यकर्ताओं और आमजन से यह कहने आया हूं कि कांग्रेस के शासनकाल में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य कहलाता था। मध्यप्रदेश का निरंतर विकास करके मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने स्वर्णिम राज्य बनने की ओर अग्रसर किया है। केन्द्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की सरकारों ने देश और प्रदेश के विकास में अहम योगदान दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि विकास के इस सिलसिले को जारी रखने के लिए आप आने वाली 13 तारीख को होने वाले मतदान में भारतीय जनता पार्टी के महापौर, नगर पालिका, नगर परिषद एवं पार्षद प्रत्याशियों को चुनें, विकास के लिए मतदान करें। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, जिलाध्यक्ष श्री रामरतन पायल, पूर्व मंत्री संजय पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय पांडे, पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, चुनाव संचालक प्रवीण बजाज, सह संचालक सुनील उपाध्याय, डीडी बेनर्जी, जनसंपर्क प्रभारी रवि खरे, ललित जायसवाल, मंडल अध्यक्ष वागीश आनंद, मनीष दुबे, अभिषेक ताम्रकार, सभी 45 वार्डों के पार्षद प्रत्याशी सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन महापौर प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित ने किया।

# अस्पताल में पार्किंग से मरीजों की आफत

## दो, चार पहिया वाहनों के कारण लग जाता है जाम, एंबुलेंस और स्ट्रेचर ले जाने की जगह नहीं

**कटनी, यशभारत।** अस्पताल परिसर में गाड़ियों की पार्किंग ने जिला अस्पताल की स्थिति खराब कर दी है। पूरे जिला अस्पताल में वाहन पार्क नजर आते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिला अस्पताल में बेतरतीब पार्किंग से स्थानीय नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी हो रही है। जिला अस्पताल परिसर को वाहन स्टैंड बना दिया गया है। पूरे जिला अस्पताल परिसर में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग की जा रही है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अस्पताल परिसर में कहीं पर भी खड़े किए जा रहे दो पहिया, चार पहिया वाहनों के कारण जाम लग जाता है। इसके कारण आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी होती हैं बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला अस्पताल परिसर में वाहनों को खड़ा किए जाने के लिए वाहन स्टैंड निर्धारित किया गया हैं जिसके लिए ठेका भी दिया गया



हैं वाहनस्टैंड का निर्धारण होने के बाद जिला अस्पताल परिसर में वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जिला अस्पताल के मुख्यद्वार के सामने से लेकर वार्डों के सामने तक वाहनों की पार्किंग की जा रही है। पूरे अस्पताल परिसर में एक सैकड़ा से भी अधिक दो पहिया वाहन हर दिन खड़े हो रहे हैं जबकि इन वाहनों को वाहन स्टैंड में खड़ा किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से अस्पताल परिसर में अराजकता फैली हुई है। जिला अस्पताल परिसर में दो पहिया वाहनों के अलावा चार पहिया वाहनों की भी पार्किंग की जा रही है आधा दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन जिला अस्पताल परिसर में खड़े रहते हैं। जबकि इन वाहनों के खड़े किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है बावजूद इसके जिला अस्पताल परिसर में चार पहिया वाहनों को खड़ा किया जा रहा हैं अस्पताल प्रबंधन भी वाहन खड़ा करने वाले चालकों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिला अस्पताल में निजी एंबुलेंस को खड़ा किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन जिला अस्पताल में निजी एंबुलेंस खड़ा किया जा रहा है। हालांकि कुछ दिन पहले कार्रवाई कर निजी एंबुलेंस चालकों को हिदायत दी गई थी वे अस्पताल परिसर के अंदर निजी एंबुलेंस को जिला अस्पताल परिसर के अंदर नहीं खड़ा करें। बावजूद इसके हिदायत कोई असर निजी एंबुलेंस चालकों पर नहीं हो रहा है। मनमानी पर उतारू निजी एंबुलेंस चालक जिला अस्पताल परिसर में ही निजी एंबुलेंस को खड़ा कर रहे हैं।

# भैसों के झुंड से नागरिक हलाकान

**कटनी, यशभारत।** शहर में भैसों के झुंड दिखाई देते हैं। शहर के विभिन्नाा स्थानों पर भैसों के झुंड से अब नागरिक भी हलाकान होने लगे हैं। बहुत प्रयासों के बाद भी शहर से डेयरी नहीं हट पा रही हैं। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में मवेशियों के साथ भैंसों के सड़कों पर आने की समस्या आम हैं। लेकिन मुद्दे पर प्रशासन के रुचि न लेने के कारण विगत कई वर्षों से इस दिशा में सार्थक प्रयास नहीं हो पा रहे हैं। यही कारण है कि शहर की सड़कों पर भैंसों का आवागमन निर्बाध रूप से जारी है। इसे शहर की 154 डेयरियां नहीं हट पा रही हैं। शहर में स्थापित डेरियों की वजह से शहर भी साफ नहीं हो पा रहा है। नगर निगम प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम सीमा में संचालित ये डेयरिया शहर में प्रदूषण की प्रमुख वजह बनी हुई हैं। नगरनिगम द्वारा 2009 से शहर से डेरियों को बाहर भेजने की योजना बनाई जा रही हैं लेकिन योजना कागजों से बाहर ही नहीं निकल पा रही है। नगर निगम सीमा में संचालित डेयरियों के कारण शहर में होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए नगर निगम प्रशासन उदासीन रवैया अपनाए हुए है। वर्ष 2011 में इस समस्या को लेकर विधानसभा में भी प्रश्न उठाया गया था। यहां होती है परेशानी: शहर में गांधीगंज, नदीपार, बरगवां, खिरहनी फाटक, झर्रा टिकुरिया, बजरंगकॉलोनी, दुबे कॉलोनी, एनकेजे आदि में डेयरियां संचालित हैं। एक बड़ी डेयरी में औसतन 100, मध्यम स्तर की डेयरी में 30 और छोटे स्तर की डेयरी में करीब 10 मवेशी रखे जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 बड़ी, 10 मध्यम और 15 छोटी डेयरियां संचालित हैं। डेयरियों से निकलने वाली गंदगी नालियों में बहाए जाने से नालियां अवरुद्ध होती हैं और इनमें मच्छर पनपते हैं। इस कारणों से यहां बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। शहर में संचालित डेयरियों के वजह से शहर में गलियों में जगह-जगह गोबर का ढेर है। मवेशी भी विभिन्नाा स्थानों पर घूम रहे हैं। शहर की कॉलोनियों में सड़क पर मवेशी बांधे जा रहे हैं। डेयरियों से निकलकर अधिकांश मवेशी शहर की सड़कों पर ही डेरा जमा लेते हैं, इससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है बल्कि लोग हादसों का शिकार भी होते हैं। इन डेयरियों को हटाने के लिए नगर निगम ने जिला प्रशासन से 20 एकड़ शासकीय भूमि की मांग की थी। नगर निगम सीमा से बाहर जोहला रपटा के आसपास 20 एकड़ शासकीय भूमि की मांग प्रशासन से की गई थी। जमीन चिन्हित कर ली थी। मामले में प्रक्रिया आगे ही नहीं बढ़ सकी।



# 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

### स्थिरता पखवाड़ा आयोजन पर हुई चर्चा

**कटनी, यशभारत।** जनसंख्या स्थिरता पखवाडा का आयोजन 11 जुलाई से 11 अगस्त तक किया जाना है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सोमवार 11 जुलाई को मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी के बैठक सभागार मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप मुड़िया ने कहा कि जनसंख्या स्थिरता में सभी के सहयोग एवं सहभागिता आवश्यक है और जनसंख्या वृद्धि के लिए जन जागरूकता के साथ.साथ जन सहयोग एवं सामाजिक व्यवहार परिवर्तन की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें रूढ़िवादी परम्पराओं का परित्याग करना होगा तथा शासन द्वारा चलाए गए कार्यक्रम को अपनाकर जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए सम्मिलित प्रयास करने होंगे।

देश में संसाधन सीमित हैए उन्ही संसाधनों में से नागरिकों को सुख सुविधायें पहुंचाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कार्यशाला में कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थाई एंव अस्थाई साधनों के उपयोग के बारे में जन जागरण कर हमें प्रदेश में प्रथम स्थान हेतु अभी से प्रयास करने होंगे। जनसंख्या नियंत्रण के लिए स्थायी साधन नसबंदी ;पुरूष एवं महिलाद्ध के लिए सभी सामुदायिक केन्द्रों में ऑपरेशन की सेवाएं कुशल सर्जनों द्वारा प्रदान की जाएंगी। पुरूष नसबंदी कराने वाले हितग्राही को 3 हजार रूपये तथा



प्रेरक को 400 रूपयेए प्रसव पश्चात् 7 दिवस के अंदर नसबंदी कराने वाले हितग्राही के 3 हजार रूपये तथा प्रेरक को 400 रूपयेए महिला नसबंदी करवाने हितग्राही को 2 हजार रूपये प्रेरक को 300 रूपये तथा प्रसव पश्चात् पीपीआईयूसीडी या आईयूसीडी करने वाले हितग्राही को 300 रूपयेए प्रेरक का 150 रूपये तथा इंजेक्शन अंतरा लगवाने वाली महिला को 100 तथा प्रेरक को 100 रूपये प्रदाय किये जाते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अस्थायी साधन निरोधए गर्भ निरोधक गोलिया कापर.टी आदि भी स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध है। सीएमएचओ ने इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडियाए जनप्रतिनिधियोंए स्वय सेवी संस्थाओंए आम जनमानस सभी से अपील की है कि इस राष्ट्रीय हित के कार्यक्रम में सभी अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य अधिकारी क्रं.2 डॉण् शैलेन्द्र दीवान ने कहा कि हम सभी को जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए आगे आना होगा एवं बेटे और बेटी दोनो को समान अधिकार देना चाहिये।

जनसंख्या रोकने के लिये शिक्षित होनाए बाल विवाह को रोकना तथा एक ही संतान का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि समाज में लड़के की धारणा ही बढ़ती आबादी का कारण है। आज के समय में बालक.बालिका को हमें समानता से देखना होगा। जिला आई ई सी सलाहकार ने जनसंख्या स्थिरीकरण पर कहा कि यदि हम बढ़ती आबादी पर रोक न लगा पाये तो नागरिकों को सारी सुविधायें देना मुश्किल हो जाएगा। जनसंख्या के इस बढ़ते स्वरूप को हम सब के प्रयास से ही कम किया जा सकता है। मैदानी अमले को संबोधित करते हुये कहा कि हमें लक्षित योग्य दम्पत्तियो का चयन कर उन्हें परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी देनी होगी तभी हम सीमित परिवार की अवधारणा में सफ्ल हो सकेंगे। कार्यशाला मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् प्रदीप मुड़ियाएजिला स्वास्थ्य अधिकारी क्रं.2 डॉण् शैलेन्द्र दीवान के साथ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर में महिला ने मारा युवक को चाकू

### आपसी विवाद को लेकर वारदात

**कटनी, यशभारत।** न्यायालय परिसर में सोमवार की दोपहर उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। जब परिसर में चाकू चलने की खबर फैली और एक युवक खून से लथपथ हो गया। दरअसल यहां पर एक महिला व पुरुष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और दोनों आपस में झगड़ बैठे। हालांकि परिसर में मौजूद अधिवक्ता, कर्मचारियों व अन्य लोगों ने विवाद को शांत कराया व पुलिस को सूचना दी। मौके पर झिंझरी पुलिस पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। मुलाहजा कराते हुए मामले को जांच में लिया है। झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर ने बताया कि रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत भठ्ठा मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय पिंकी पति संजय बर्मन का पति से धारा 125 भरण-पोषण अधिनियम का केश चल रहा है। उसी मामले को लेकर वह पेशी में आई थी। यहां पर साथ में आए एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम बिलगवां निवासी विद्यासागर सोलंकी से किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों में मारपीट शुरू हो गई।



### खून से लथपथ हुआ युवक

बताया जाता है कि गुस्से में आई पिंकी ने पास में रखी कोई नुकील वस्तु से विद्यासागर पर हमला कर दिया। इस दौरान पिंकी बर्मन को भी चोट लगी है। विवाद के बाद से परिसर में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। जिला अस्पताल भेजकर दोनों का मुलाहजा कराया है। दोनों को मारपीट में चोट आई है।

# दो वृद्ध व एक वृद्धा की सड़क दुर्घटना में मौत


**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत सर्रा टैंक मैन रोड पर एक्सीडेंट में वृद्ध की मौत हो गई है। सहायक उपनिरीक्षक संतलाल गोटिया ने बताया कि ग्राम कंटगीकला निवासी 62 वर्षीय रामकृपाल पिता घीसल प्रसाद कोरी की एक्सीडेट में मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी प्रकार कैमोर थाना अंतर्गत मेहगांव में एक्सीडेंट में वृद्धा की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मेहगांव निवासी 95 वर्षीय बच्चीबाई पति दहबलिया की एक्सीडेन्ट होने से आई चोट के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है। वहीं बरही थाना क्षेत्र के ग्राम खन्ना में भी एक्सीडेंट से एक वृद्ध की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरियाकला निवासी 65 वर्षीय विशाली कोल पिता भैयालाल कोल की सड़क दुर्घटना से आई चोटों के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 07 से
दोपहर 12.30,3,5.30,8 एवं रात्रि 10.15 बजे से




थोर (Love & Thunder) (हिन्दी में)
कलाकार- क्रिस हेमवर्थ, क्रिश्चियन बेल, रसेल क्रो, जेमी एलेकजेंडर आदि।
नोट-12.30,3,5.30 2D एवं 8,10.15 वाले शो 3D हैं
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 08 से
दोपहर 1,4,7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




खुदा हाफिज-2
कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 08 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
खुदा हाफिज-2
कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# डाइट में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीन चरण एवं नगरीय निकाय का प्रथम चरण निर्विघ्नए शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर मतदान कर्मियों को दी बधाई**





**कटनी,यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 13 जुलाई को नगर परिषद बरही एवं नगर निगम कटनी में मतदान होना है। मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न निर्वाचन प्रशिक्षण केंद्रों में सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ;डाइटद्ध में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो द्वारा किया गया। श्री टोप्पो ने निर्वाचन प्रशिक्षण में जारी गतिविधियों की जानकारी ली और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्लाइड स्विच की स्थिति चेक करनेए ईवीएम मशीन को हैंड्स ऑन करके मॉकपोल की प्रक्रिया को समझने एवं सीण्यूण् की सीलिंग करने का अभ्यास करने के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान कर्मियों को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीन चरण एवं नगरीय निकाय के प्रथम चरण के निर्विघ्नए शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान तहसीलदार क्षमा सराफए सहायक नोडल प्रशिक्षण राजेंद्र असाटी एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## पात्र मतदाता नहीं रहेंगे मताधिकार से वंचित

कटनी, यशभारत। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की पहचान स्थापित करने दस्तावेज निर्धारित किये है। पीठासीन अधिकारी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मतदाता से उसकी पहचान स्थापित करने 22 दस्तावेज तय किये गए है। इनमे से कोई एक दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्रए भू अधिकार एवं ऋण पुस्तिकाए पीला राशन कार्ड काम के बदले अनाज योजनान्तर्गत जारी तथा नीला राशन कार्ड गीरीबी रेखा के नीचे हितग्राहियों हेतु जारी राशन कार्डए बैंकए किसानए डाकघर पासबुकए शस्त्र लायसेंस ए संपत्ति दस्तावेज जैसे पट्टाए रजिस्ट्रीकृत विलेखए विकलांगता प्रमाण पत्र को पहचान के लिए प्रस्तुत कर सकता है। इसी प्रकार निराश्रित प्रमाण पत्रए तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान पत्रए सहकारी समिति का अंश प्रमाण पत्रए किसान क्रेडिट कार्डए पासपोर्टए ड्राइविंग लायसेंसए आयकर पहचान पत्र पेन कार्डए राज्य व केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमए स्थानीय निकाय या अन्य निजी औधोगिक घरानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले सेवा पहचान पत्रए छात्र पहचान पत्रए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजातिए अन्य पिछडा वर्ग अधिवासी प्रमाण पत्रए पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुकए पेंशन अदायगी आदेशए भूतपूर्व सैनिक विधवा आश्रित प्रमाण पत्रए रेल्वे पहचान पत्रए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र शामिल है। इसके अलावा पहचान के लिए उल्लेखित अभिलेखों के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा जिससे वह मतादाता की पहचान के संबंध मे संतुष्ट हो सके। परिवार के मुखिया के पास उपलब्ध दस्तावेजए परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान और परिवार के दूसरे सदस्यों के नाम से कोई दस्तावेज होने पर अन्य सदस्यों की पहचान के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन यदि मतदाता कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने मे असफल रहता हैए तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवारए पटवारीए शिक्षकए ग्राम पटेलए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका इत्यादि कर्मियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित कराने के उपरांत उसे मतदान के लिए मतपत्र प्रदान कर सकेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने बताया कि मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाईट पर जाकर मतदाता पर्ची डाउनलोड की जा सकती हैए ताकि मताधिकार से कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रह सके।

**मतदान के दौरान मतदाताओं की पहचान के लिए दस्तावेज निर्धारित**

## शांतिपूर्ण मतदान एवं कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट पर

**कटनी यशभारत।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन का द्वितीय चरण 13 जुलाई को नगर पालिक निगम कटनी में सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मतदान दिवस को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 12 जुलाई से मतदान समाप्ति तक 15 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। संपूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी जगदीश चन्द्र गोमे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी को नियुक्त किया गया है। आदेशानुसार सुश्री प्रिया चंद्रावत एसण्डीण्एमण् कटनी को सपूर्ण नगर पालिक निगम कटनी क्षेत्रए संधमित्रा गौतम एसण्डीण्एम बहोरीबंद को सेक्टर क्रमांक 1 एवं 2 के वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के मतदान केन्द्रों हेतुए मनीष शुक्ला तहसीलदार कटनी शहर को सेक्टर क्रमांक 3 एवं 4 के वार्ड क्रमांक 6 से 9 तक मतदान केन्द्रोंए राजेश कौशिक तहसीलदार विजयराघवगढ़ को सेक्टर क्रमांक 5 एवं 6 के वार्ड क्रमांक 10 से 12 तक के मतदान केन्द्रोंए पूर्वी तिवारी तहसीलदार बहोरीबंद को सेक्टर क्रमांक 7 एवं 8 के वार्ड क्रमांक 13 से 15 एवं 17 के मतदान केन्द्रोंए सच्चिदानंद त्रिपाठी प्रभारी तहसीलदार कटनी ग्रामीण को सेक्टर क्रमांक 9 एवं 10 के वार्ड क्रमांक 16 व 18 से 20 तक के मतदान केन्द्रों हेतु कार्यपालिक मजिस्टेऊट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रविन्द्र पटेल नायब तहसीलदार विजयराघवगढ़ को सेक्टर क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 21 के मतदान केन्द्रोंए विजय द्विवेदी तहसीलदार रीठी को सेक्टर क्रमांक 12 एवं 13 के वार्ड क्रमांक 22 से 26 तक के मतदान केन्द्रोंए ऋषि गौतम नायब तहसीलदार बाकल को सेक्टर क्रमांक 14 एवं 15 के वार्ड क्रमांक 27 से 29 तकए नदीमा शीरी एसण्डीण्एम ढीमरखेडा को सेक्टर क्रमांक 16 एवं 19 के वार्ड क्रमांक 30 से 32 तथा 37 एवं 38 के मतदान केन्द्रोंए हरि सिंह धुर्वे नायब तहसीलदार ढीमरखेडा को सेक्टर क्रमांक 17 एवं 18 के वार्ड क्रमांक 33 से 36 तक के मतदान केन्द्रोंए प्रियंका नेताम प्रभारी तहसीलदार ढीमरखेड़ा को सेक्टर क्रमांक 20 के वार्ड क्रमांक 39 एवं 40 के मतदान केन्द्रोंए हेमांग प्रिया श्रीवास्तव नायब तहसीलदार मुड़वारा .2 को सेक्टर क्रमांक 22 के वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 के मतदान केन्द्रोंए संदीप सिंह नायब तहसीलदार उमरियापान को सेक्टर क्रमांक 21 एवं 23 के वार्ड क्रमांक 41ए 42 एवं 45 के मतदान केन्द्रों का कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही रिजर्व दल में सुनीता मिश्रा नायब तहसीलदार बड़वाराए रैना तामिया नायब तहसीलदार ढीमरखेड़ा तथा दिलीप मरावी नायब तहसीलदार नजूल कटनी को नियुक्त किया जाकर समस्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स को 11 जुलाई से मतदान समाप्ति 13 जुलाई तक अपने आबंटित क्षेत्र का सतत् भ्रमण कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश प्रदान किये गए है।

**संपूर्ण कानून व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया जिला पंचायत सीईओ को**

### बरही में भी लगाई गई ड्यूटी

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के द्वितीय चरण बुधवार 13 जुलाई को नगर परिषद बरही में मतदान सम्पन्न होना है। मतदान दिवस को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने 12 जुलाई से निर्वाचन समाप्ति तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स नियुक्त किये गए है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी आदेशानुसार संपूर्ण व्यवस्था हेतु नगर परिषद विजयराघवगढ़ के प्रभारी श्री महेश मण्डलोई उपखण्ड मजिस्ट्रेट विण्गढ़ को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही नगर परिषद बरही हेतु श्री जितेन्द्र कुमार पटेल प्रभारी तहसीलदार बरही को संपूर्ण क्षेत्र नगर परिषद बरहीए संदीप श्रीवास्तव तहसीलदार बड़वारा को सेक्टर क्रमांक 1 एवं चन्द्रपाल इनवाती नायब तहसीलदार बरही को सेक्टर क्रमांक 1 हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## 18 जुलाई से स्कूल बसों की होगी औचक जांच

**कटनी,यशभारत।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा दिए निर्देशों के तहत स्कूली बसों में बच्चों व विद्यार्थियों का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने जिले में 18 जुलाई से स्कूल बसों की औचक जांच की जायेगी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर आरण्टीण्ओण् सुश्री रमा दुबे ने बताया कि स्कूल के अग्र एवं पृष्ठ भाग पर स्कूल बस लिखा होना चाहिए यदि अनुबंधित बस है तो उस पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिये। स्कूली बसों का रंग पीला होना चाहिएए स्कूल बस में प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बॉक्स होना अनिवार्य है। स्कूल बस में निर्धारित मानक के अनुसार गति नियंत्रक यंत्र ;एसण्एलण्डीण्द्ध होना आवश्यक है। स्कूल बस में खिडकियों पर समानांतर ;हॉरिजेन्टलद्ध ग्रिल्सए अग्निशमन यंत्र की सुविधाए स्कूल का नाम एवं दूरभाष क्रमांक अंकित होए प्रवेश एवं निर्गम हेतु पृथक.पृथक दरवाजेए बस के दरवाजे पर लगे ताले ठीक एवं आटोमेटिक स्थिति में होना अनिवार्य है। स्कूली बसों में शिक्षित एवं प्रशिक्षत चालक होए किसी भी शिक्षक अथवा पालक को बस में सुरक्षा का अवलोकन करने के दृष्टि से जाने की सुविधाए स्कूली बस चालक के पास कम से कम 5 वर्ष का अनुभव भारी वाहन चलाने का होए सीटों के नीचे बस्तों की सुरक्षा हेतु अलग से स्थान हो। स्कूली बसों में ऐसे चालक नहीं रखा जावे जिसपर एक वर्ष मे दो बार से अधिक लाल बत्ती सिंग्नल के उल्लंधनए लेन अनुशासन भंग करने अर्थदण्ड या शास्ति अधिरोपित हुई होए ऐसे चालक भी न रखे जावे जिसपर निर्धारित गति सीमा से वाहन चलानेए शराब पीकर वाहन चलाने या खतरनाक ढंग से वाहन चलाने के लिए एक वर्ष मे एक बार भी अर्थदण्ड या शास्ति अधिरोपित हुई होए बसों मे जीण्पीण्एस सिस्टम एवं सीण्सीण्टीण्व्हीण् कैमरे लगाना अनिवार्य है। जिन स्कूल बसों मे छात्राएं होती है वहां पर एक शिक्षित परिचालिका या स्कूल स्टाफहोना चाहिए। स्कूल संचालकों द्वारा एक ट्रांसपोर्टर मैनेजर की नियुक्ति होना चाहिए जो बच्चों की सुरक्षा हेतु उत्तरदायी हो। आर0टी0ओ सुश्री दुबे ने बताया कि 18 जुलाई के पूर्व स्कूल बस संचालक एवं ट्रांसपोर्ट मैनेजर स्कूली बसों में उक्त मानकों का पालन कर निर्धारित सुविधाएं सुनिर्श्चित करायें अन्यथा निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति नही किये जाने पर 18 जुलाई के पश्चात मोटरयान अधिनियम 1988 में निहित प्रावधानों के अनुसार विधि अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।

## सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मतदान के पूर्व संध्या से मतदान दिनांक को सम्मिलित करते हुएए ऐसे व्यक्ति जो मतदाता नहीं हैए को क्षेत्र से बाहर करना तथा उक्त आदेश से बीमार व्यक्तिए दूध या अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री लाने वाले व्यक्तियों को छूट रहेगी के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

## जिले में अब तक 199.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 11 जुलाई की अवधि तक कुल 199ण्5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 179ण्2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 20ण्3 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 167ण्8 मिलीमीटरए रीठी में 230ण्7 मिली मीटरए बड़वारा में 159ण्5 मिलीमीटरए बरही में 188ण्0 मिलीमीटरए विजयराघवगढ़ में 178ण्3 मिलीमीटरए बहोरीबंद में 233ण्7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 243ण्9 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 200ण्7 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।



## मतगणना परिणामों के सारणीकरण के लिए आरओ व एआरओ का मिला प्रशिक्षण

**कटनी यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचए सरपंचए जनपद सदस्य पदों की मतदगणना का विकासखण्ड़ स्तरीय सारणीकरण तथा निर्वाचन की घोषणा गुरूवार 14 जुलाई को एवं जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए जिला पंचायत मुख्यालय पर सारणीरकण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा शुक्रवार 15 जुलाई को किया जाना है। आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे समस्त रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सीण्ईण्ओण् जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे व संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते की मौजूदगी मे राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी द्वारा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप विस्तार से मतगणना परिणामों के सारणीकरण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। सीण्ईण्ओण् श्री गोमे ने सारणीकरण के पूर्व समस्त आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने त्रि.स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना का सारणीकरणए निर्वाचन परिणाम की घोषणा आदि के संबंध मे आवश्यक जानकारियां उपस्थित अधिकारियों को प्रदान की। प्रशिक्षण मे डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्माए एसण्डीण्एमण् कटनी प्रिया चंद्रावतए एसण्डीण्एमण्बहोरीबंद संघमित्रा गौतमए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस सौरभ नामदेवए रिटर्निंग ऑफिसरए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

## 40 दिवसीय झूलेलाल चालीहां महोत्सव का शुभारंभ

**मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन**



**कटनी यशभारत।** भगवान श्री झूलेलाल चालीहां महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंधी समाज द्वारा अपार उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज 12 जुलाई से झूलेलाल चालीहां महोत्सव समिति द्वारा गुरूनानक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया हे। आज सुबह 11 बजे झूलेलाल मंदिर में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचाायत के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दिनेश शर्मा द्वारास बहराणे साहिब की पूजा अर्चना, पल्लव आरती के साथ भगवान श्री झूलेलाल जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के साथ ही व्रतधारियों का संकल्प बंधन से व्रतों की शुरूआत के साथ चालीहां महोत्सव का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया। इस भव्य 40 दिवसीय चालीहां महोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम व सुबह शाम भजन, कीर्तन, आरती, पल्लव आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, त्रिलोकचंद्र भोजवानी, श्रीचंद भाटिया, अमृत सेवनलानी, अमर चेतवानी, हरीश बहलानी, सुरेश गांधी, अशोक रोहरा, नेवंद खूबचंदानी, सुनील हसीजा, सुरेश रोचलानी, राजू खीयानी, दीपक भटीजा, अजीत केसवानी, संजय खूबचंदानी, महेश बहलानी, सच्चानंद चेलानी, अमृत तनवानी, मूलचंद ठारवापनी, हरीश पंजवानी, मदन सेवलानी, मोहित खूबचंदानी, संतराम सुंदरानी, अमर पुरस्वानी, जुगलकिशोर पांडे एवं बाबू भाई मंगतानी आदि उपस्थित रहे।



From 07th July 2022
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer
@99/-
Available On All Seats Except Recliners
Paytm
bookmyshow
KHUDA HAAFIZ
10:30 AM
1:00 PM 3:45 PM
6:30 PM 9:30 PM
THOR LOVE AND THUNDER
11:00 AM
4:00 PM 7:00 PM
9:45 PM
2D 1:30 PM
10:15 AM
1:15 PM
9:15 PM
ROCKETRY
3:30 PM
6:45 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave,
Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# कलेक्टर एसपी ने नगर निगम क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## शांतिपूर्ण मतदान हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा किया गया फ्लेग मार्च



**कटनी, यशभारत।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नगर परिषद बरही एवं नगर निगम कटनी में बुधवार 13 जुलाई को मतदान होना है। नगर निगम सीमान्तर्गत चिन्हित मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की जा रही है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को नगर के वार्डो हेमू कालानी वार्ड, जगमोहनदास वार्ड सरस्वती स्कूल, इंदिरा गांधी वार्ड, बिरसा मुण्डा वार्ड, अंबेडकर वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित धन्तीबाई स्कूल सहित अन्य वार्डो में स्थित मतदान केन्द्रों की आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। श्री मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान आदर्श मतदान केन्द्रों को सुसज्जित कर आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश अधिकारियों को प्रदान किये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मतदान केन्द्रों मे पेयजलए छाया, प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था, बुजुर्गो हेतु बैठक व्यवस्था, दिव्यांगों हेतु आवश्यक उपकरण एवं अन्य समुचित व्यवस्थां, किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के निवासी देवेन्द्र कुमार साहू से मतदाताओं हेतु वितरित की जा रही मतदाता पर्ची के संबंध मे जानकारी ली। देवेन्द्र द्वारा बताया गया कि नियुक्त कर्मचारियों द्वारा मतदाता पर्ची प्रदान की जा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों को मतदाताओं को शीध्र मतदाता पर्ची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। इसी दौरान श्री मिश्रा ने प्रियदर्शनी बस स्टेण्ड का भी निरीक्षण किया तथा बसों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किये जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। बुधवार 13 जुलाई को शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष मतदान हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा कलेक्टर श्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री जैन के निर्देशन मे फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करनें का संदेश दिया। फ्लैग मार्च दुर्गा चौक खिरहनी से होते हुए गर्ग चौराहा, घंटाघर, सराफा बाजार, सुभाष चौक के मुख्य मार्गो से होता हुआ कोतवाली पुलिस थाना तक आयोजित किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी प्रिया चंद्रावत एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।



# वार्डों में पहुंचकर मतदाता पर्ची वितरण की ली जानकारी

## कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर अधिकारियों के दल ने औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कटनी, यशभारत ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय अंतर्गत नगर परिषद बरही एवं नगर निगम कटनी में बुधवार 13 जुलाई को मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम कटनी क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को मताधिकार की सुविधा प्रदाय करने की दृष्टि से अधिकारीगण विभिन्न वार्डो में भ्रमण करते हुए मतदाता पर्ची वितरण की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर विगत दिवस अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा नगरनिगम सीमान्तर्गत अनेक वार्डो का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों के दल ने वार्ड क्रमांक 6,12, 21, 24, 28, 30 एवं अन्य वार्डो एवं मोहल्लें में पहुंच कर मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी मतदाताओं से ली। लोगों ने मतदाता पर्ची प्राप्त होने के संबंध में अवगत कराया कि बीएलओ एवं इस कार्य में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी द्वारा भी आज शहर के विभिन्न वार्डो और मोहल्लों में मतदाता पर्ची वितरण कार्य का निरीक्षण किया जाकर मतदाताओं से मतदाता पर्ची मिलने के संबंध मे जानकारी ली गई। इस कार्य हेतु नियुक्त अधिकारियों एवं संबंधित बीएलओ को निर्धारित मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान पर्ची शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य अपूर्ण या वितरण कार्य पूर्ण होना नहीं पाया जायेगाए ऐसे मतदाता पर्ची वितरण हेतु उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# ओपीनियन एवं एक्जिट पोल पर जारी है रोक

**कटनी, यशभारत ।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के चुनावों के मद्देनजर ओपीनियन एवं एक्जिट पोल के प्रकाशन अथवा प्रसारण पर 4 जुलाई की शाम 5 बजे से ही रोक है। जो बुद्यवार 13 जुलाई की शाम 5 बजे तक निरंतर जारी रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि नगरीय निकायों के आम निर्वाचन . 2022 को लेकर किसी भी समय संचालित ओपीनियन पोल के परिणामों का प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर प्रकाशन अथवा प्रसारण प्रथम चरण के मतदान 6 जुलाई के 48 घंटे पूर्व यादि कि 4 जुलाई की शाम 5 बजे से ही दूसरे चरण के मतदान बुधवार 13 जुलाई की शाम 5 बजे तक नहीं किया जा सकेगा। आयोग के मुताबिक नगरीय निकायों के आम निर्वाचन से संसबंधित एक्जिट पोल के परिणामों का प्रकाशन या प्रसारण 13 जुलाई को मतदान की समाप्ति के नियत समय शाम 5 बजे के आधा घंटे बाद ही किया जा सकेगा। ज्ञात हो कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कटनी जिले मे दो चरणों मे नगरीय निकाय चुनाव करवाये जा रहे है पहले चरण मे 6 जुलाई को नगर परिषद कैमोर एवं विजयराघवगढ़ मे मतदान हो चुका है। जबकि द्वितीय व अंतिम चरण में नगर निगम कटनी और नगर परिषद बरही मे बुद्यवार में बुधवार 13 जुलाई को मतदान होना तय है।







# नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु 5 उड़नदस्ता दल का गठन

**कटनी, यशभारत ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रानुसार नगरीय निकाय के आम निर्वाचन की घोषणा की गई है जिसमे नगरपालिक निगम महापौरए नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषदों के पार्षद पद का निर्वाचन होना है। जिस हेतु उडनदस्ता दल गठित किया जाना है जो अपने नगर निगम क्षेत्र की सीमा एवं नगर परिषदों की सीमा मे अवैध नकदी के आदान प्रदानए शराब का वितरण या कोई अन्य संदेहास्पद वस्तु जो मतदाताओं को घूस लेने के लिए प्रयोग मे लाई जा रही हो उसकी निगरानी हेतु उडनदस्ता एफ्एसण् दल का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए 9 जुलाई से आगामी आदेश तक पांच एफ्एस दल का गठन किया है। आदेशानुसार नगर पालिक निगम कटनी के वार्ड क्रमांक 19 से 27 तक प्रभारी तहसीलदार कटनी सच्चिदानंद त्रिपाठी कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटनी के साथ दल मे 1 उपनिरीक्षक एवं 2 आरक्षकों को दायित्व सौपा गया है। वार्ड क्रमांक 28 से 36 तक तहसीलदार मनीष शुक्ला को कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटनी शहर नियुक्त किया जाकर एक उपनिरीक्षक एवं दो आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। वार्ड क्रमांक 01 से 09 तक नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल को कार्यपालिक दण्डाधिकारी विण्गढ नियुक्त किया जाकर दल में 1 उपनिरीक्षक एवं 1 प्रधान आक्षक व 1 आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है।

वार्ड क्रमांक 10 से 18 हेतु नायब तहसीलदार हेमांग प्रिया श्रीवास्तव कार्यपालिक अधिकारी कटनी के साथ दल में 1 उपनिरीक्षक एवं 2 आरक्षक तथा वार्ड क्रमांक 37 से 45 तक नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा कार्यपालिक दण्डाधिकारी पहाडी कटनी के साथ दल मे 1 उपनिरीक्षक तथा 2 आरक्षक के दल का गठन किया जाकर समस्त दलों में वीडियोग्राफर नियुक्त किये गए है। आदेशानुसार गठित उडनदस्ते के दल प्रभारी अधिकारी अपने दल की रिपोर्टिंग संबंधित नगर निगमध्नगर परिषदों को देते हुए आदर्श आचरण संहिता तथा उसके उल्लंघन से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करनें एवं उडनदस्ते के प्रधान के रूप मे अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों जैसे काल सेंटर, रिटर्निंग आफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# मतगणना के दौरान मोबाइल के उपयोग पर प्रतिबंध

**कटनी, यशभारत ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन की मतगणना के दौरान मोबाइल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग का मानना है कि नगरीय निकायों के आम निर्वाचनों की मतगणना के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग मतगणना कार्य में बाधक होता है तथा मतगणना कार्य की गोपनीयता भंग होने की संभावना बनी रहती है। आयोग द्वारा मतगणना भवन परिसर में मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है, निर्वाचन पर्यवेक्षण हेतु आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक उक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे ताकि वे आयोग से सतत संपर्क में बने रहें। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह के द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी तथा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के मतगणना स्थल पर प्रवेश के दौरान जांच की जाए यदि कोई अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता या गणन अभिकर्ता मतगणना स्थल पर मोबाइल लाता है तो उसे प्रवेश न दिया जाए। इस संबंध में सभी अभ्यर्थियों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पूर्व में ही अवगत कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मतगणना कार्य से संबंधित अधिकारियों द्वारा आयोग से संपर्क हेतु मतगणना स्थल के समीप ही एक कक्ष में दूरभाष स्थापित किए जाने की व्यवस्था पूर्व से ही की जाती रही है। इसका उपयोग आयोग से संपर्क हेतु किया जाएगा।




# कागजों में दिख रहा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

### शहर में धड़ल्ले से हो रही खरीद-फरोख्त, दिखावे तक सिमटी नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई



**कटनी, (यशभारत)।** पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए घातक सिंगल यूज प्लास्टिक पर एक जुलाई से प्रतिबंध लगा दिया गया है लेकिन ये प्रतिबंध कागजों तक ही सीमित हैं। बाजार, दुकान, होटल, रेस्टोरेंट में अब भी सिंगल यूज प्लास्टि की खरीद-फरोख्त और इसका उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। नगर निगम और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही कर रहा है।

### आसानी से मिल रहा प्लास्टिक का सामान

जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के खरीद-ब्रिकी व उपयोग अब भी हो रहा है। यह पाबंदी सिर्फ कागजी है। शहर के किसी भी कोने में चले जाइए, प्रतिबंधित पालीथिन से लेकर प्लास्टिक के प्लेट, गिलास और चम्मच आसानी से मिल जाएंगे। बाजार में अब भी पुराना माल चोरी छिपे बेचा जा रहा है। कोरोना की दुहाई देकर होटल, रेस्टोरेंज में चाय, काफी, शीतलपेय अब भी प्लास्टिक निर्मित बर्तनों में परोसा जा रहा है।

### सब्जी, फल के ठेलों में हो रहा उपयोग

शहर में सब्जी-फल के ठेले में प्रतिबंधात्मक आदेश बेअसर है। विक्रेता खुलेआम पालीथिन में सब्जी, फल बेच रहे हैं। ग्राहक भी थैले न लाने का जिक्र कर पालीथिन में ही फल, सब्जी देने की मांग कर रहे हैं। न तो नगर निगम का अमला इन पर कार्रवाई कर रहा है न प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी सख्ती बरत रहे हैं।

### दूसरे राज्यों से हो रही आवक

सूत्रों की माने तो शहर में बड़ी मात्रा में गुजरात सहित पड़ोसी राज्यों से प्रतिबंधित प्लास्टिक निर्मित सामग्री आ रही है। शहर में भी कुछ कारखाने थे जो सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन व विक्रय करते थे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सख्ती से इन कारखानों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन तो बंद कर दिया है लेकिन गोदामों में अब भी माल दबाकर रखा गया है जो चोरी-छुपे ही बाजार में बेचा जा रहा है।

### इन पर लगा प्रतिबंध

ईयर बड स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, आइसक्रिम स्टिक कप, ग्लास, कांटा, चम्मच, मिठाई के डिब्बे पर लगने वाली पन्नी, सिगरेट पैकेट के रैपर, ब्लून स्टिक, लालीपाप स्टिक, थर्माकोल के सजावटी सामान, प्लेटस, बाउल, स्ट्रा, इन्विटेशन कार्ड, पीवीसी बैनर, 100 माइग्रेन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक।

## अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर करें त्वरित कार्यवाही

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का करें निराकरण




**कटनी, (यशभारत)।** सी.एम. हेल्पलाईन की शिकायतें विभागीय अधिकारी प्रतिदिन अटेंड करें तो शिकायतों की पेंडेंसी नहीं बढ़ेगी, अधिकारी शिकायतों को संबंधित शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराना सुनिश्चित करें। समस्त विभागों के अधिकारी योजनाओं एवं अपूर्ण कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समयसीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को दिये। समय सीमा की बैठक में विभागीय समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने अच्छा परफार्मेंस वाले अधिकारियों की सराहना की तथा पुअर परफार्मेंस करने वाले विभागों को शिकायतों के निराकरण मे तेजी लाने के निर्देश प्रदान किये गए। समस्त विभागीय अधिकारियों से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली तथा लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किये जाने के निर्देश प्रदान किये। श्री मिश्रा ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में विलंब संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों के प्रति कठोर कार्यवाही करने की बात कही। समीक्षा के दौरान श्री मिश्रा ने नगर निगम से संबंधित साफसफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने प्रतिदिन मुख्य मार्गो एवं अन्य मार्गो के नाले एवं नालियों की सफाई कराने सहित अधूरे निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने व स्ट्रीट लाईटों के रख रखाव के निर्देश निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने मुडवारा स्टेशन पहुंच मार्ग के सर्कुलेंटिंग एरिया के दुरूस्तीकरण एवं सौदर्यीकरण हेतु रेलवे के अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर कार्यवाही करने के निर्देश भी निगम के अधिकारियों को दिए। बारिश के दौरान नगर के मार्गो में जलप्लावन की स्थितियां निर्मित होती है, चिन्हित स्थलों पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी बैठक के दौरान श्री मिश्रा ने दिए। 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाईरिन और विस्तारित पोलीस्टाईरिन थर्माकोल वस्तुओं सहित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के उपयोग पर शासन द्वारा लगाये गए प्रतिबंध पर कार्यवाही करते हुए आयात, भंडारण, विक्रय एवं वितरण एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर जुर्मानें एवं जप्ती की कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक मे दिए। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने समीक्षा बैठक के दौरान खेतो में नैनों यूरिया का ड्रोन से छिड़काव शुरू करने संबंधी अभिनव पहल में भागीदारी सुनिश्चित करने वाले आत्मा परियोजना, इफ्को, जिला ई-गर्वेनेस सोसाईटी तथा एमपीएसईडीसी के अधिकारियों को बधाई दी। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यालयों में सहायक लोक सूचना अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी की जानकारी ली तथा कार्यालयों में पट्टिका लगाने के निर्देश प्रदान किये गए। शासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी भवनों मे विद्युतीकरण का शत प्रतिशत कार्य कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान स्वामित्व योजना, कन्या विवाह योजना, नगरीय भू अधिकार पत्र, पुर्नघनत्वीकरण नीति का क्रियान्वयन, फसल बीमा योजना, ई गिरदावरी के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार, आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने, कन्या शिक्षा परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने सहित राजस्व प्रकरणों का रिव्यू करते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किए। बारिश के दौरान बार-बार विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध होने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्तेअधिकारियों की उपस्थिति रही।

# इस बार मानसून फिर से तो दगा नहीं देगा



**कटनी, यशभारत।** मानसून सीजन के पहले हिस्से में जिल में हुई कुल वर्षा में पिछले वर्ष की तुलना में कम हुई है। जनता व व्यापार-उद्योग जगत में इसका असर दिख सकता है। फसलों को पकने में होगी परेशानी- जिले में इस वर्ष की वर्षा में जलाशय लबालब नहीं हुए हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों के मुताबिक इससे उन्हें फसलों के पकने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जिले में कुल 89 जलाशय हैं जिनमें से 18 जलाशय ऐसे हैं जिन पर बड़ा कृषि क्षेत्र निर्भर है। बीते वर्ष करीब 8928 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की सिंचाई की गई थी। जलाशयों में अभी नहीं भर पाया है। इससे किसानों को सिंचाई की चिंता है। वर्षा न होने और जलाशय का पर्याप्त संरक्षण न करने से जलाशय नहीं भर पा रहे है। बहोरीबंद क्षेत्र के किसान राम सजीव पटेल बताया कि उनके यहां का जलाशय में इस बार की वर्षा में पर्याप्त पानी नहीं आ पाया है। यही स्थिति हर वर्ष हो रही है। इसी तरह विजयराघवगढ़ रामदास दुबे ने बताया इससे इस बार यदि आगे वर्षा नहीं हुई तो किसानों को अपनी धान को पकाने में बहुत परेशानियां उठानी पड़ेगी। किसानों के मुताबिक शुरुआती वर्षा न होने से बोवनी का आंकड़ा प्रभावित हो सकता है। स्लीमनाबाद सहित ग्राम बंधी, सरसवाही, संसारपुर, धरवारा, मटवारा, इमलिया, मढ़ाना सहित क्षेत्र में कम वर्षा के कारण अभी धान की फसल की प्रारंभिक तैयारी पर असर पड़ा है। यही हाल अन्य क्षेत्रों को के हैं। यहां पर कम वर्षा से किसानों को परेशानी हो रही है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष रकबा बढ़ा है।

# रद्द की गई ट्रेनों के फिर से चलने पर यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

**कटनी, यशभारत ।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रद्द की गई कुछ ट्रेनों के परिचालन को लेकर तैयारियों शुरू कर दी है। बिलासपुर से कटनी के बीच तीसरी नई रेल लाइन संचालन व विद्युतीकरण को लेकर करीब पांच महीने से यात्री ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया था। जिसमें कुछ ट्रेनों को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। बीते 5 जून को रेलवे ने 18 ट्रेनों के परिचालन को रद्द करने का आदेश जारी किया था। यात्रियों की समस्या को लेकर पत्रिका ने प्रमुखता से पिछले अंक में समाचार प्रकाशिकत किया था। जिसके बाद शुक्रवार को रेलवे प्रबंधन ने कुछ ट्रेनों का परिचालन 12 जुलाई से शुरू करने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि कोरोना काल से ट्रेनों के परिचालन में रोक लगाई गई थी। जिसमें कुछ लोकल ट्रेनों का परिचालन आज भी शुरू नहीं किया गया है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना कराना पड़ता है। शुक्रवार को जारी आदेश में बिलासपुर कटनी मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य रूट की ट्रेन सहित 16 एक्सप्रेस व 11 मेमू ट्रेन के परिचालन करने का निर्णया लिया है।।



### इन ट्रेनो का होगा परिचालन शुरू

13 जुलाई से ट्रेन नंबर 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस,12 जुलाई से 18235 भोपाल-बिलासपुर, 12 जुलाई 18247 बिलासपुर-रीवा,13 जुलाई से 18248 रीवा-बिलासपुर,12 जुलाई से 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर, 13 जुलाई से 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर,13 जुलाई से 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस,14 जुलाई से 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस,14 जुलाई से 12880 भुनेश्वर से कुर्ला द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस,16 जुलाई से 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-भुबनेश्वर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस,14 जुलाई से 22866 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस,14 जुलाई से 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनस- पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस,14 जुलाई से 20845 बिलासपुर-बीकानेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस,17 जुलाई से 20846 बीकानेर-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस,11 जुलाई से 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर,12 जुलाई से 08739 शहडोल- बिलासपुर मेमू पैसेंजर का परिचालन शुरू की जाएगी।

# लोकतंत्र का महायज्ञ कल : अब मतदाता की बारी

## महापौर के लिए एक दर्जन उम्मीदवार चुनावी समर में, कटनी में 1.93 लाख एवं बरही में 11 हजार 231 मतदाता

**नगर निगम कटनी में 45 पार्षद के लिए 186 एवं नगर परिषद बरही में 15 पार्षद के लिए 75 उम्मीदवार चुनाव मैदान में**

कटनी, यशभारत। लोकतंत्र के महायज्ञ के लिए अब केवल एक दिन बाकी रह गया है। कल 13 जुलाई को मतदान के साथ ही भाग्यविधाता मतदाता महापौर एवं पार्षद उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करते हुए नगर सरकार का चुनाव करेंगे। करीब ढाई साल बाद कटनी में नगर सरकार अस्तित्व में आने जा रही है। पहले कोरोना संक्रमण फिर ओबीसी आरक्षण के चलते चुनाव टलते गए और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पिछले एक महीने से नगर सरकार के गठन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया चल रही है। पिछले 20 दिनों से महापौर एवं पार्षद उम्मीदवार मतदाता तक पहुंचकर अपनी बात रखते हुए पक्ष में मतदान की अपील करते रहे। सभी ने अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया। रैली, रोड शो, जनसपंर्क से शुरू हुआ चुनाव प्रचार का सिलसिला कल शाम 5 बजे तक चलता रहा। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की ओर से जहां केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोड शो करते हुए आमसभाएं की तो वहीं कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने रोड शो किया एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक ली। उधर आम आदमी पार्टी ने रैली निकाली तो वहीं अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपने-अपने पक्ष में चुनाव प्रचार किया। अब देखना है कि मतदाता महापौर के लिए किस पर अपना विश्वास व्यक्त करता है।

### कृषि उपज मंडी से किया मतदान सामग्री का वितरण



नगर निगम कटनी में महापौर और पार्षद पद के लिए कल 13 जुलाई को 218 केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 7 बजे से कराया जाएगा। मतदान के एक दिन पहले आज 12 जुलाई को नगर निगम क्षेत्र के सभी 218 केन्द्रों के लिए मतदान सामग्री का वितरण कृषि उपज मंडी पहरूआ से किया गया। सामग्री के वितरण के साथ ही मतदान दलों को सामग्री के साथ ही मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। उधर दूसरी तरफ नगर परिषद बरही में 15 पार्षदों के चुनाव के लिए 17 केन्द्रों पर मतदान होगा। यहां शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। निर्वाचन प्रेक्षक शैलेन्द्र खरे, एडीएम रोमानुस टोप्पो, एसडीएम प्रिया चन्द्रावत ने वितरण कार्य का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया।

### महापौर पद के उम्मीदवार

| क्रं. | नाम | दल |
|---|---|---|
| 01. | अंजली चौधरी | बहुजन समाज पार्टी |
| 02. | श्रीमती ज्योति दीक्षित | भारतीय जनता पार्टी |
| 03. | श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल | कांग्रेस |
| 04. | डॉ. अनीता रंजन | समाजवादी पार्टी |
| 05. | शशी प्रभा तिवारी | आम आदमी पार्टी |
| 06. | अंकिता | निर्दलीय |
| 07. | श्रीमती मंजूषा गौतम | निर्दलीय |
| 08. | नसीम खान | निर्दलीय |
| 09. | निधि पुरोहित | निर्दलीय |
| 10. | श्रीमती प्रीति सूरी | निर्दलीय |
| 11. | साजदा बी | निर्दलीय |
| 12. | सूफिया खान | निर्दलीय |

## बरही में तैयारियां पूरी, 75 उम्मीदवारों की किस्मत वोटिंग मशीन में होगी कैद

### 15 वार्डों के लिए बनाए गए 17 मतदान केंद्र, सामग्रियों के साथ बूथों के लिए दल रवाना



**बरही, यशभारत।** नगर परिषद बरही के 15 वार्डों के लिए बनाए गए 17 मतदान केंद्रों में कल 13 जुलाई को पार्षद पद के 75 उम्मीदवारों के लिए मतदान होगा। आज सुबह 7 बजे से मतदान दलों को मतदान सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बरही के हायर सेकंडरी स्कूल में बने स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीन सहित मतदान सामग्री के साथ दल रवाना हुए। इस दौरान एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, एसडीओपी विजयराघवगढ़, टीआई सुधाकर बारस्कर, सीएमओ मनोहर विन्जवार समेत राजस्व, नगर परिषद अन्य विभागों के आला.अधिकारी मौजूद रहे। नगर परिषद बरही के पार्षद पद के 75 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कल 13 जुलाई को नगर के 11 हजार 231 मतदाता करेंगे, जिनमे 5 हजार 712 पुरुष, 5 हजार 519 महिला मतदाता शामिल है। 15 वार्डों के लिए 17 मतदान केंद्र बनाए गए है।

### वार्ड 8, 10, 14 में टिकी सभी की निगाहें

बरही के 15 वार्डों में वार्ड क्रमांक 8, 10 और 14 में पूरे नगर की निगाहें टिकी हुई है। वार्ड क्रमांक 8 में भाजपा के प्रत्याशी विधायक प्रतिनिधि पीयूष अग्रवाल मैदान में है। वार्ड क्रमांक 10 में कभी न हारने वाले 3 बार के पार्षद उत्तम शर्मा भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ रहे है, तो वार्ड क्रमांक 14 में भाजपा के जिला महामंत्री व 2 दशक तक नगर की सरकार चलाने वाले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश तिवारी भाजपा के उम्मीदवार है। ये तीनों अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे है। यदि भाजपा का बहुमत आता है तो ये तीनों प्रत्याशी अध्यक्ष की कुर्सी के लिए बेताब नजर आ रहे, हालांकि इन तीनो वार्डों में काटे की टक्कर है। वार्ड क्रमांक 8 में कांग्रेस प्रत्याशी प्रभाकर तिवारी, 10 में गोवर्धन बढ़ई, वार्ड 14 में मोहित शर्मा डटे हुए हैं, तो वहीं भाजपा के बागी वार्ड 8 में रामशरण वर्मा, प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, 10 में पूर्व पार्षद बाबू नामदेव, पूर्व पार्षद पति अजय साहू, वार्ड 14 में संतोष द्विवेदी जीत के लिए हर दांव-पेंच आजमा रहे है। बहरहाल इन वार्डों की मतदाता किसे अपना मतदान रूपी आशीर्वाद देगी, यह तो 20 जुलाई की मतगणना के बाद स्पष्ट होगा। वार्ड क्रमांक 1 महिला सीट है। यहां से पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय बाला प्रसाद वर्मा की बहू प्रज्ञा अजय वर्मा कांग्रेस की टिकट से उम्मीदवार है, तो वहीं भाजपा ने कल्याणी दुबे को मैदान में उतारा है, इसके अलावा 3 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में है।

### द्वितीय चरण की मतगणना 20 को

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकायों के प्रथम चरण की मतगणना 17 जुलाई एवं द्वितीय चरण की मतगणना अब 20 जुलाई को नियत है। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के निर्वाचन कार्यक्रम के तहत आयोग द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत नगरपालिका के द्वितीय चरण की मतगणना पहले जो 18 जुलाई को होनी थी वह अब 20 जुलाई को होगी व शेष निर्वाचन कार्यक्रम यथावत रहेंगे।

### दोनों निकायों में 2 लाख से ज्यादा मतदाता, कटनी में 218 और बरही में 17 मतदान केन्द्र

नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल 13 जुलाई को कटनी एवं बरही में मतदान कराया जाएगा। लोकतंत्र के इस उत्सव में करीब 2 लाख 4 हजार से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। कटनी में महापौर के लिए जहां 12 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, तो वहीं पार्षद के लिए 186 और नगर परिषद बरही में 75 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। दोनों ही निकायों में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान संपन्न होने के बाद ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। वोटों की गिनती 20 जुलाई को कृषि उपज मंडी में होगी। मतदान को निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कल जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने शहर के ज्यादातर मतदान केन्द्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया था और आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे।

## मतदान केन्द्र के पास लगे बैनर, पोस्टर, झंडे हटाने के निर्देश

**कटनी, यशभारत।**

नगरीय निर्वाचन आम निर्वाचन के तहत कल बुधवार 13 जुलाई को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक नगर पालिक निगम कटनी एवं नगर परिषद बरही के लिए मतदान होना है। जिसके लिए 11 जुलाई को सायं 5 बजे से प्रचार प्रसार बंद हो जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षए सचिव एवं प्रतिनिधियों को अपनी पार्टी से संबंधित प्रत्याशियाऐं के मतदान केन्द्र से 100 मीटर की परिधि पर लगे बैनरए पोस्टर एवं झंडे इत्यादि तत्काल हटवाने हेतु पत्र जारी किया है।

### 2 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**कटनी, यशभारत।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु कलेक्टर कार्यालय मे स्थापित एमसीएमसी कक्ष मे अपनें कर्तव्य पर उपस्थित न होने एवं स्मरण पत्र जारी होनें के बावजूद भी कर्तव्य पर उपस्थित न होनें पर संयुक्त कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा मुस्ताक खान, बीआरसीसी रीठी एवं उपेन्द्र दास गुरू कम्प्यूटर ऑपरेटर परियोजना संचालक आत्मा कृषि विभाग को नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस मे निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य में लापरवाहीए उदासीनता परिलक्षित होनें तथा उक्त कृत्य को पदीय दायित्वों के विपरीत लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस मे समक्ष मे उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने का लेख किया गया है।

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रि.स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की जानकारियों एवं सूचनाओं के आदान.प्रदान हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष नम्बर 07622.220070 है। इसके नोडल अधिकारी अजय श्रीवास्तव का मो0न0 9425184110 तथा सहायक नोडल अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा का मो0न0 8719963069 है।

## कटनी होकर दिल्ली से अंबिकापुर के बीच चलेगी नई ट्रेन

### 14 जुलाई से शुरू होगा परिचालन,शहरवासियों को मिलेगी सौगात



**कटनी, यशभारत।** शहर से देश की राजधानी दिल्ली का सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक और नई ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर से देश की राजधानी दिल्ली के लिए कटनी जंक्शन होकर सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने जा रही है। आगामी 14 जुलाई को इस ट्रेन को अंबिकापुर से दिल्ली के लिए हरिझंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। हालांकि अभी इस नई ट्रेन की समय सारिणी घोषित नहीं की गई है लेकिन 14 जुलाई को सुबह 10 बजे इस ट्रेन को अंबिकापुर से दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। आज मंगलवार को ट्रेन की समय सारिणी और नंबर भी जारी होने की संभावना है ताकि यात्री इसमें यात्रा के लिए टिकट की बुकिंग कर सकें।

**इस रूट से चलेगी नई ट्रेन**

रेलसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह ट्रेन अंबिकापुर, अनूपपुर, कटनी जंक्शन, सतना, मानिकपुर, बांदा, कानपुर होते हुए दिल्ली जाएगी। इस नई ट्रेन के शुरू होने से न केवल अंबिकापुर वासियों बल्कि शहडोल, उमरिया, कटनी व सतना जिले के वासियों को भी देश की राजधानी दिल्ली जाने के लिए एक और ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी।

## ऊंचाई से गिरकर घायल महिला की जबलपुर में मौत

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम सरसवाही में ऊंचाई से गिरकर घायल एक 50 वर्षीय महिला की जबलपुर के मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरसवाही निवासी 50 वर्षीय मुन्नी बाई पति सोनेलाल चौधरी गतदिवस ऊंचाई से गिरकर घायल हो गई थी। जिसे गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल तथा बाद में जबलपुर के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि पवन कुमार मेडीकल अस्पताल जबलपुर की सूचना पर मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।


**किराए से देना है**


20 बाई 50 फिट का सर्वसुविधायुक्त, सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त हॉल बैंक, फाइनेंस, इश्योरेंस कंपनी, शॉपिंग मार्केट के लिए किराए से देना है।

स्थान : दुर्गा चौक, तिलक कॉलेज मोड़, मंगलम मेनर गार्डन के सामने, कटनी

सम्पर्क : सत्यम सैनी

मो. 7748902288, 6264267212

**TIMES ACADEMY**



दसवीं बारहवीं के ओपन स्कूल से फार्म भरें

आर्टस/कामर्स/मैथ्स/बायो

B.sc. मैथ्स/बायो

रेग्यूलर/प्राइवेट करें

पता- डॉ. हरचंदानी के सामने शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी

मो. 9200173627

**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें**

**Pulmonologist**

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**PRE. REGISTRATION**

**सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


## फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम पौड़ी में एक महिला के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ी निवासी 28 वर्षीय गीता बाई पति सरजू पटेल के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।


**मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता**



**एडवांस्ड**

सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है

क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स

समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

**JOHNSON**

Not just tiles, Lifestyles.




सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ**


मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN

Facilities

- Luxury Rooms
- Banquet Hall
- Conference Hall
- Free Wifi
- Cinema
- Restaurant
- Bar
- Car Parking




City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501

Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)